# University in News on 04 December 2024

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

# स्कॉलरशिप फॉर्म के लिए बायोमीट्रिक हाजिरी जरूरी

### सामान्य वर्ग के विद्यार्थियों की 11 तक कुलसचिव कार्यालय में लगेगी उपस्थिति

### अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों की 10 दिसंबर तक लगेगी हाजिरी

### नोडल अधिकारी ने समाज कल्याण विभाग के आदेश पर दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति के आवेदन करने वाले सामान्य एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप फॉर्म फॉरवर्ड कराने के लिए बायोमीट्रिक उपस्थिति दर्ज करानी होगी। समाज कल्याण विभाग के आदेश पर छात्रवृत्ति अनुभाग ने इस संबंध में निर्देश जारी कर दिए हैं।

सामान्य वर्ग के सभी विद्यार्थियों की उपस्थिति 11 दिसंबर तक और अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों की 10 दिसंबर तक विवि के कुलसचिव कार्यालय में लगेगी।

लखनऊ विश्वविद्यालय में छात्रवृत्ति के नोडल अधिकारी ने पत्र जारी करते हुए जानकारी दी कि समाज कल्याण विभाग के निर्देश पर आवेदन पत्र अग्रसारित होने की दशा में बायोमीट्रिक उपस्थिति की



अनिवार्यता की गई है। इसके संबंध में कार्यालय में काउंटर पर आवेदन पत्र जमा करने और रिसीविंग हासिल करने के बाद रजिस्ट्रार ऑफिस में उपस्थिति दर्ज होगी। हाजिरी दर्ज न होने की दशा में छात्र का फॉर्म अग्रसारित नहीं किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी विद्यार्थी की होगी।

### छात्रवृत्ति में शिक्षा शास्त्र का विषय शामिल करने की मांग

लखनऊ। छात्रवृत्ति में आवेदन न कर पाने की समस्या को लेकर लखनऊ विश्वविद्यालय में शिक्षा शास्त्र के शोधर्थियों ने मंगलवार को डीएलडब्ल्यू को ज्ञापन सौंपा। छात्रों ने कहा, राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में शिक्षा शास्त्र विषय के शामिल न होने से वे अपने विषय का चयन नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे में छात्रवृत्ति पाने से वंचित हो जा रहे हैं। छात्रों ने ज्ञापन देकर शिक्षाशास्त्र व अन्य विषयों के नाम नेशनल स्कॉलरशिप पॉलिसी पोर्टल में शामिल करवाने की मांग की। मौके पर प्रत्यूषा यादव, प्रियांशु, मुकेश मौर्या, गरिमा सिंह, दिव्यानी सिंह, गरिमा सिंह, सतीश गुप्ता, आलोक द्विवेदी, सुमन, शिंपा डिलोई, राहुल यादव, राहुल, लक्ष्मी, सनातन दत्ता, श्रावणी साहू, खूबचंद, दीप्ति, सिम्मी सोनकर आदि थे। (संवाद)

## JAGRAN CITY PAGE III

# अगले सत्र से कृषि के नए पाठ्यक्रमों में पढ़ाई

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध कृषि महाविद्यालयों में अगले शैक्षिक सत्र से स्नातक व परास्नातक स्तर पर कृषि के नए पाठ्यक्रमों में पढ़ाई शुरू होगी। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नए पाठ्यक्रमों को लेकर जारी गाइडलाइन के अनुसार लवि जल्द ही कृषि पाठ्यक्रम को तैयार करेगा। मंगलवार को लवि के वनस्पति विज्ञान विभाग में संबद्ध कृषि महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रवक्ताओं संग कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बैठक कर यह जानकारी साझा की।

दोपहर 12 बजे से शुरू हुई बैठक में लवि से सम्बद्ध लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर व लखीमपुर खीरी के करीब 22 कालेजों के प्राचार्यों व प्रवक्ता शामिल हुए। इसमें कृषि के कोर्स करिकुलम पर चर्चा हुई। कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्राचार्यों से उनकी दिक्कतें पूछीं। उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया। साथ ही विश्वविद्यालय स्तर पर और बेहतर किए जाने संबंधी सुझाव भी लिए। उन्होंने परास्नातक में शोध के कंटेंट को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

छह डीन कमेटी ने जारी की गाइडलाइन : कृषि पाठ्यक्रमों की कोआर्डिनेटर एवं वनस्पति विज्ञान विभाग की अध्यक्ष प्रोफेसर गौरी सक्सेना ने बताया कि आइसीएआर ने छह डीन कमेटी गठित करके एनइपी के अनुसार नए पाठ्यक्रमों को तैयार करने के लिए गाइडलाइन जारी की है। उसी आधार पर लवि भी अपना नया पाठ्यक्रम एक महीने में ड्राफ्ट करके बोर्ड आफ स्टडीज, फैकल्टी बोर्ड, एकेडमिक काउंसिल से अनुमोदित कराने के बाद अगले सत्र से लागू करने की योजना है।



कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने संबद्ध कृषि महाविद्यालयों के प्राचार्यों के साथ बैठक की, साथ में प्रो. गौरी • जागरण

### पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा के परिणाम जारी

लवि के शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रुपेश कुमार ने सत्र 2023-24 के पीएचडी कोर्स वर्क परीक्षा के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस परीक्षा में 14 शोधार्थी सफल हुए हैं। सूची वेबसाइट www.lkouniv.ac.in पर अपलोड कर दी गई है।

### बीकाम, एमकाम आनलाइन कोर्स के परिणाम जारी

जासं • लखनऊ : लवि ने आनलाइन बी.काम और एम.काम प्रथम सेमेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए हैं। छात्र-छात्राएं वेबसाइट https://luonlineeducation.in पर परिणाम देख सकते हैं। लवि सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंस एजुकेशन के निदेशक प्रोफेसर पीयूष भार्गव ने इसकी सूचना जारी की है।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण को सौंपा ज्ञापन : नेशनल स्कालरशिप पालिसी (एसएसपी) के पोर्टल पर छात्रवृत्ति फार्म न भर पाने से परेशान लखनऊ विश्वविद्यालय के शिक्षा विभाग के पीएच.डी छात्रों ने मंगलवार को अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर वीके शर्मा को ज्ञापन सौंपा। छात्र नेता अभिषेक श्रीवास्तव 'बाबू' ने बताया कि लवि ने राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल में शिक्षा शास्त्र विषय को अपलोड ही नहीं किया है, जिसकी वजह से विद्यार्थी इस छात्रवृत्ति के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे।

वैक पेपर असाइनमेंट परीक्षा पांच को: डा. शकुंतला मिश्रा विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने बैक पेपर (सम सेमेस्टर) के तहत बीकाम एलएलबी आनर्स और एलएलएम में असाइनमेंट व प्रजेंटेशन की तिथि पांच दिसंबर निर्धारित की है। समय दोपहर 12 बजे से शुरू होगा।

### बिना बायोमीट्रिक अग्रसारित नहीं होंगे छात्रवृत्ति फार्म

जासं • लखनऊ : लवि में अध्ययनरत सामान्य, अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के जिन छात्र-छात्राओं ने दशमोत्तर छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति (सत्र 2024-25) के लिए कैशियर कार्यालय में आवेदन पत्र का प्रिंटआउट संबंधित प्रपत्रों के साथ जमा किया है, उन सभी आवदकों की बायोमीट्रिक अनिवार्य की गई है। बिना बायोमीट्रिक छात्रवृत्ति फार्म अग्रसारित नहीं किए जाएंगे। बायोमीट्रिक लगाए जाने के लिए प्रक्रिया मंगलवार से शुरू कर दी गई है। सामान्य वर्ग के आवेदकों के लिए 10 दिसंबर तक बायोमीट्रिक लगाने का समय सुबह 11 से दोपहर 1:30 बजे तक और 11 दिसंबर को शाम 4:30 बजे तक रहेगा। वहीं, एससी-एसटी वर्ग के लिए 10 दिसंबर तक दोपहर दो से शाम 4:30 बजे के बीच समय निर्धारित किया गया है।

## RASHTRIAYA SAHARA PAGE 5

# लविवि में असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए 15 को होगी परीक्षा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय के तीन विभागों में असिस्टेंट प्रोफेसर के पदों के लिए 15 दिसंबर को नवीन परिसर में लिखित परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। चार पदों के लिए होने वाली इस परीक्षा में 350 से अधिक अभ्यर्थी शामिल होंगे। पदों के सापेक्ष आए आवेदनों का परीक्षण जारी है। शॉर्टलिस्ट उम्मीदवारों की सूची जल्द जारी की जाएगी।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

# ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में बढ़ रहा छात्रों का रुझान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचारः** लखनऊ विश्वविद्यालय ने सत्र 2024-25 में ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वालों की सूची जारी कर दी है। स्नातक और परास्नातक पाठयक्रमों में प्रवेश लेने वालों की सूची छात्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर देख सकते हैं। इस बार बी.कॉम, एम.कॉम, बी.बी.ए., एम.ए. अर्थशास्त्र, अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान और एम.एस.डब्ल्यू. कोर्स को मिलाकर करीब 144 छात्रों ने प्रवेश लिया है। जिसमें कि सबसे अधिक 86 दाखिले एम.कॉम प्रथम सेमेस्टर में लिए गए हैं।

इसके अलावा 32 दाखिले बी.काम प्रथम सेमेस्टर में लिए गए हैं। बी.बी.ए. में सात, एम.ए अर्थशास्त्र में एक, एम.एस.डब्ल्यू. में तीन, एम.ए अंग्रेजी में आठ, एम.ए राजनीति विज्ञान में सात विद्यार्थियों ने प्रवेश लिया है।

लखनऊ यूनिवर्सिटी सेंटर फार आनलाइन एंड डिस्टेंट एजुकेशन के डायरेक्टर प्रोफेसर पीयूष भार्गव का कहना है कि छात्रों की प्रवेश सूची वेबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। छात्र-छात्राओं के लागिन आइडी पर प्रथम सेमेस्टर की अध्ययन सामग्री भी भेज दी गई है।

वे अपने लागइन आइडी व पासवर्ड से उसे डाउनलोड कर अपनी पढ़ाई शुरू कर सकते हैं। जल्द ही उनके लिए आनलाइन माध्यम से परिचयात्मक सत्र भी आयोजित किया जाना है।

## i-NEXT PAGE 3

# एलयू : अगले सत्र से कृषि के नए सिलेबस से पढ़ाई

LUCKNOW (3 Dec) : लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध कृषि महाविद्यालयों में अगले शैक्षिक सत्र से स्नातक व परास्नातक स्तर पर कृषि के नए पाठ्यक्रमों से पढ़ाई शुरू होगी. भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आइसीएआर) की ओर से राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नए पाठ्यक्रमों को लेकर जारी गाइडलाइन के अनुसार लखनऊ विश्वविद्यालय जल्द ही कृषि पाठ्यक्रम को तैयार करेगा. बुधवार को एलयू के वनस्पति विज्ञान विभाग में सम्बद्ध कृषि महाविद्यालयों के प्राचार्यों एवं प्रवक्ताओं संग कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय ने बैठक कर यह जानकारी साझा की.

### 22 कॉलेजों के प्राचार्य शामिल

दोपहर 12 बजे से शुरू हुई बैठक में एलयू से सम्बद्ध लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर व लखीमपुर खीरी के करीब 22 कालेजों के प्राचार्यों व प्रवक्ता शामिल हुए, इसमें कृषि के कोर्स करिकुलम पर चर्चा हुई. कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने प्राचार्यों से उनकी दिक्कतें पूछीं. उन्हें दूर करने का आश्वासन दिया. साथ ही विश्वविद्यालय स्तर पर और बेहतर किए जाने संबंधी सुझाव भी लिए. उन्होंने परास्नातक में शोध के कंटेंट को बढ़ावा देने पर जोर दिया.